# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

***प्रेसनोट दिनांक 27.09.2025***

**चोरी की योजना बना रहे 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार ,**

**कब्जे से 06 एण्ड्रायड मोबाइल, 01 छेनी, 01 लोहे की राड, 01 हथौडी, 01 अवैध चाकू, 01 अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना जसवंतनगर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/छिनैती/टप्पेबाजी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 26/27.09.205 की रात्रि को थाना जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा कचौरा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 02 व्यक्ति कचौरा नहर पुल के पास बैठे हैं जो चोरी की योजना बना रहें है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा दोनों व्यक्तियों को नहर पुल से ग्राम नगरिया वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछ:-**

पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 06 मोबाइल, 01 छेनी, 01 लोहे की राड, 01 हथौडी, 01 चाकू, 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि हम लोग मिल कर चोरी व लूट करते हैं और हम लोग चोरी की योजना बना रहे थे। मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि हम लोग राह चलते व्यक्तियों से सस्ते दामों मे खरीद कर मंहगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

**उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जसवंतनगर पर मु0अ0सं0 326/2025 धारा 312/313 बीएनएस व 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

**उक्त बरामद मोटरसाइकिल को एमवीएक्ट की धारा 207 के तहत सीज किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1. कृष्णा पुत्र दिलावर निवासी कोठी कैस्त थाना जसवंतनगर जनपद इटावा उम्र करीब 20 वर्ष।
2. गौरव पुत्र मिठ्ठू लाल निवासी कोकपुरा थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा उम्र करीब 21 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0सं0 326/2025 धारा 312/313 बीएनएस व 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

**बरामदगी:-**

1. 06 मोबाइल फोन
2. 01 छेनी
3. 01 लोहे की राड
4. 01 हथौडी
5. 01 चाकू
6. 01 तमंचा 315 बोर
7. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम:-** निरी0 श्री संजय सिंह प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ0नि0 उमेश कुमार पटेल मय टीम।